# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (24.03.2025)**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:24.03.2025, PAGE-04

# स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा तीन से

## सत्र 2023-27 के लिए होने वाली परीक्षा 22 अप्रैल तक चलेगी, अधीसूचना हो गई जारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: लंबे इंतजार के बाद आखिरकार बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने रविवार को चार वर्षीय स्नातक कोर्स के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया। परीक्षा तीन अप्रैल से शुरू होकर 22 अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा के लिए विभिन्न विषयों को चार ग्रुप में बांटकर मेजर पेपर और माइनर पेपर समेत अन्य जानकारी दी गई है। साथ ही मल्टी डिसप्लीनरी कोर्स के लिए भी विषयों को चार ग्रुप में बांटा गया है। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने इसकी अधिसूचना जारी की है। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली नौ से 12 बजे तक और दूसरी पाली एक से चार बजे तक होगी। विश्वविद्यालय की ओर से सभी अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों को इसकी जानकारी भेजी गई है।

**छात्रों को जानकारी कराई उपलब्ध :** बताया गया है कि छात्र-छात्राओं को परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। परीक्षा विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगी। कार्यक्रम में किसी तरह का कोई भी फेरबदलन नहीं होगा। तीन से 19 अप्रैल तक अलग - अलग तिथियों में मेजर कोर्स, माइनर कोर्स और एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स की परीक्षा होगी। इसके बाद एसइसी कोर्स की परीक्षा 21 से 24 अप्रैल तक होगी। परीक्षा विभाग के रिकार्ड के अनुसार थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में में करीब एक लाख 10 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। अब तक करीब 99 हजार विद्यार्थियों ने ही परीक्षा फार्म भरा है। ऐसे में आने वाले दिनों में तेजी से परीक्षा फार्म भराया जाएगा। दूसरी ओर विश्वविद्यालय की ओर से फार्म भरे जाने के लिए अपार आइडी की अनिवार्यता लागू की गई है। संबद्ध कालेजों के 11 हजार से अधिक विद्यार्थियों का अब तक अपार कार्ड नहीं बन सका है। इस कारण उन्होंने अब तक फार्म नहीं भरा है।

**परीक्षा के लिए बनेंगे 52 से अधिक केंद्र :** थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से 52 से अधिक केंद्र बनाए जाएंगे। परीक्षा के लिए करीब 55 से 57 केंद्र बनाए जाने की तैयारी है। निर्धारण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके लिए मुजफ्फरपुर, वैशाली, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण और सीतामढ़ी में केंद्र बनाए जाएंगे। वहीं उत्तर पुस्तिकाओं के कलेक्शन के लिए सभी जिलों में कलेक्शन सेंटर बनाए जाएंगे। परीक्षा के बाद यहीं उत्तर पुस्तिकाएं एकत्रित होंगी।



- परीक्षा की सूचना अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों को मिली
- विश्वविद्यालय की ओर से तय कार्यक्रम के अनुसार होगी परीक्षा

## पीजी में आनस्पाट नामांकन पर आज होगा निर्णय

**3 मेरिट लिस्ट से अब तक 9155 ने कराया नामांकन**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में तीन बार जारी हुए मेरिट लिस्ट से अब तक 9155 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है। अब विभिन्न विषयों में रिक्ति की गणना के बाद आनस्पाट नामांकन पर निर्णय होगा। बताया गया है कि सोमवार को विश्वविद्यालय स्तर पर आनस्पाट नामांकन की प्रक्रिया घोषित की जाएगी। पीजी विभागों से लेकर अंगीभूत और संबद्ध कालेजों में हुए नामांकन की रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट करा दी गई है। दूसरी और तीसरी मेधा सूची में नाम होने के बाद भी विभिन्न कारणों से नामांकन कराने से वंचित छात्रों ने एकबार फिर नामांकन तिथि विस्तारित करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि सत्र 2023-25 के तहत करीब 11 हजारों पर सीटों पर नामांकन के लिए विश्वविद्यालय की ओर से तीन मेरिट लिस्ट जारी की गई है। विश्वविद्यालय के तहत करीब आधा दर्जन से अधिक ऐसे विषय हैं जिसमें काफी कम संख्या में नामांकन हुआ है। पर्शियन, मैथिली, बांग्ला, भोजपुरी, दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र, उर्दू में काफी कम नामांकन हुआ है। ऐसे में इन विषयों में काफी सीट खाली रह जाएंगी।

## दो और सात अप्रैल को होगी सिंडिकेट की बैठक

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सीनेट से पहले दो बार सिंडिकेट की बैठक होगी। इसकी तिथि तय हो गई है। दो और सात अप्रैल को सिंडिकेट की बैठक होगी। इसमें एकेडमिक काउंसिल से अनुमोदित एजेंडों पर मुहर लगेगी। विश्वविद्यालय के बजट के साथ ही कालेजों के संबंधन समेत अन्य प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसके बाद 12 अप्रैल को सीनेट की बैठक होगी। सीनेट की बैठक में सिंडिकेट के आठ और एकेडमिक काउंसिल के छह सदस्यों का चुनाव होगा। इसके लिए नामिनेशन की प्रक्रिया चल रही है। बैठक में ही वोटिंग होगी और अंत में परिणाम जारी होगा। सिंडिकेट सदस्य की दावेदारी के लिए चार अप्रैल तक नामिनेशन किया जा सकेगा। वहीं आठ अप्रैल को स्क्रूटनी होगी। 11 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों के चुनाव के लिए तीन अप्रैल तक नामिनेशन होगा। चार अप्रैल को उम्मीदवारों की स्क्रूटनी होगी। 11 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। उल्लेखनीय है कि पहले 27 मार्च को सीनेट की बैठक होना थी लेकिन राजभवन के निर्देश पर तिथि बदली गई है।

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:24.03.2025, PAGE-04

## बीआरएबीयू. विवि के परीक्षा नियंत्रक ने कार्यक्रम किया जारी

# कर लें तैयारी, स्नातक कोर्स के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा तीन से

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

चार वर्षीय स्नातक कोर्स के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा 3 अप्रैल से शुरू होगी. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुखलाल पासवान ने इसकी अधिसूचना जारी की. परीक्षा 22 अप्रैल तक चलेगी. बीआरएबीयू के परीक्षा विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में करीब एक लाख 10 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे. अब तक करीब 99 हजार विद्यार्थियों ने ही परीक्षा फॉर्म भरा है. ऐसे में आने वाले दिनों में तेजी से फॉर्म भरे जायेंगे. परीक्षा के लिए मुजफ्फरपुर, वैशाली, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण व सीतामढ़ी में केंद्र बनाये जायेंगे. उत्तर पुस्तिकाओं के कलेक्शन के लिए सभी जिलों में कलेक्शन सेंटर बनाने की तैयारी है.परीक्षा के बाद वहीं उत्तर पुस्तिकाएं जुटायी जायेंगी. इसके बाद इसे मुख्यालय में लाया जायेगा. विवि से जारी कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा दो पालियों में होगी. पहली पाली सुबह 9 से 12 बजे तक व दूसरी दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक होगी. विवि की ओर से सभी अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों को इसकी जानकारी भेजी गयी है. तीन से 19 अप्रैल तक अलग-अलग तिथियों में मेजर व माइनर कोर्स व एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स की परीक्षा होगी.इसके बाद एसइसी कोर्स की परीक्षा 21 से 24 अप्रैल तक होगी.

### सीनेट से पहले दो बार सिंडिकेट की होगी बैठक

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में सीनेट से पहले दो बार सिंडिकेट की बैठक होगी. इसको लेकर तिथि जारी कर दी गयी है. इसमें 2 व 7 अप्रैल को सिंडिकेट की बैठक होगी. सीनेट की बैठक में सिंडिकेट के 8 और एकेडमिक काउंसिल के छह सदस्यों का चुनाव होगा. सिंडिकेट सदस्य की दावेदारी के लिए 4 अप्रैल तक नामिनेशन किया जा सकेगा. वहीं 8 अप्रैल को स्क्रूटनी होगी. 11 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे. एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों के चुनाव के लिए तीन अप्रैल तक नामिनेशन होगा. चार अप्रैल को उम्मीदवारों की स्क्रूटनी होगी. वहीं 11 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे.

**ऑन स्पॉट नामांकन पर फैसला आज होगा -मुजफ्फरपुर.** पीजी में ऑन स्पॉट नामांकन पर फैसला सोमवार को होगा. इसके बाबत विषयवार रिपोर्ट तैयार हो रही है.विवि से जारी तीसरी मेधा सूची के आधार पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. पीजी विभागों से लेकर अंगीभूत व संबद्ध कालेजों में हुए नामांकन की रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट की दी है. दूसरी ओर तीसरी मेधा सूची में नाम होने के बाद भी विभिन्न कारणों से नामांकन कराने से वंचित छात्रों ने एकबार फिर नामांकन तिथि बढ़ाने की मांग की है. अब विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में खाली सीटों पर नामांकन के लिए ऑन स्पॉट की सुविधा मिलेगी. रिकॉर्ड के तहत बीआरएबीयू के पीजी कोर्स में अब तक 9,155 विद्यार्थियों ने नामांकन करा लिया है. सत्र 2023-25 के तहत करीब 11 हजारों सीटों पर नामांकन के लिए विवि की ओर से तीन मेरिट लिस्ट जारी की गयी है.

◻ खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए स्कैन करें.